प्रकृति कार्यक्रम के अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय, मेसरा में वानिकी जागरूकता हेतु पौध रोपण कार्यक्रम का आयोजन

दिनांक 28.08.2019

वन उत्पादकता संस्थान के निदेशक डॉ॰ नितिन कुलकर्णी के निर्देशन एवं समूह समन्वयक (अनुसंधान) डॉ॰ योगेश्वर मिश्रा के सफल मार्गदर्शन में आज दिनांक 28.08,2019 को जवाहर नवोदय विद्यालय मेसरा, रांची में प्रकृति कार्यक्रम के तहत वानिकी जागरूकता हेतु विद्यालय के उप-प्राचार्य एवं शिक्षकों की उपस्थिति में लगभग 60 विधार्थियों के साथ बांस का पौध रोपण किया गया। उप-प्राचार्य श्री डी.के. साहु एवं श्रीमती कुमोदनी प्रसाद के सहयोग से श्री एस. एन. वैध, श्री बी. डी. पंडित एवं श्री सूरज कुमार के मार्गदर्शन में परिसर के भीतर घांस सफाई कर गढे खोदे गए एवं बांस पौधों का रोपण किया गया। क्षेत्र कार्य के अंतर्गत ही संस्थान के सदस्यों द्वारा पौध रोपण तकनीक, बांस की उपयोगिता आदि संबंधी जांनकारी विध्यार्थियों को प्रदान की गयी। कार्यक्रम के अंतर्गत बांस के तीन प्रजातियो लाठी बांस, काला बांस, पीला बांस का रोपण किया गया, साथ ही बांस के रोपण हेतु अपनाए जाने वाले तकनीकी विषय की भी जानकारी दी गयी। किस तरह से बांस के भिरों का रख रखाव करने पर एक न्यूनतम अवधि में बांस के पौधो से किस प्रकार बांस उपयोग में लाया जा सकता हैं, इस हेतु भी छात्रो के जिज्ञासाओं की जानकारी प्रदान की गयी।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विस्तार प्रभाग के श्री एस. एन. वैध, श्री निसार आलम, श्री बी. डी. पंडित एवं श्री सूरज कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

जवाहर नवोदय विद्यालय, मेसरा, रांची में प्रकृति कार्यक्रम के अंतर्गत पौध रोपण